दिनांक : 02.05.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री आज केरल में विझिनजम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह का करेंगे लोकार्पण।
- वेव्स सम्मेलन में आज पहले ग्लोबल मीडिया डॉयलॉग का होगा आयोजन।
- प्रदेश में आज लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन। जिला, नगर और ग्राम पंचायत स्तर पर होंगे कार्यक्रम।
- केदारनाथ धाम के कपाट आज से श्रद्धालुओं के लिए खोले गए।

प्रधानमंत्री - आंध्र प्रदेश दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज केरल के तिरुवनंतपुरम में देश के पहले अर्ध स्वचालित, विझिनजम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह का लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री बंदरगाह के संचालन भवन का दौरा करेंगे और नियंत्रण प्रणालियों का अवलोकन करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री आंध्र प्रदेश के अमरावती में 58 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास करेंगे। श्री मोदी 6 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं और एक रेलवे परियोजना की आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री नागायलंका में लगभग एक हजार चार सौ 60 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले मिसाइल परीक्षण रेंज की आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री विशाखापत्तनम के मधुरवाड़ा में पीएम एकता मॉल की आधारशिला भी रखेंगे।

वेव्स-मीडिया डायलॉग

मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में कल से शुरु हुए वेव्स शिखर सम्मेलन के हिस्से के रूप में भारत आज पहली बार ग्लोबल मीडिया डायलॉग की मेजबानी करेगा। वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य के साथ देश के जुड़ाव की दृष्टि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय, ग्लोबल मीडिया डायलॉग का आयोजन विदेश मंत्रालय के सहयोग से कर रहा है। इसमें एशिया, यूरोप, अफ्रीका और अमरीका के प्रतिनिधिमंडलों सहित 60 से अधिक देशों के भाग लेने की संभावना है। इसके पहले कल सम्मेलन में कई विषयों पर पैनल परिचर्चाएं आयोजित की गई जिनमें फिल्मी हस्तियों और मनोरंजन क्षेत्र के दिग्गज शामिल हुए।

वेव्स-मध्यप्रदेश

वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट-वेव्स 2025 में आज से प्रदेश भी अपनी रचनात्मकता, सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन संभावनाओं के साथ वैश्विक मंच पर एक नई पहचान बनाने जा रहा है।

वीसी-संजीव शर्मा

मध्यप्रदेश इस अयोजन में वैश्विक मीडिया, मनोरंजन और रचनात्मक नवाचार केंद्र के रूप में पहचान स्थापित करने का प्रयास कर रहा है।

मध्यप्रदेश "अतुलनीय मध्यप्रदेश" पेवेलियन, "अमृतस्य मध्यप्रदेश" नृत्य-नाटिका और कुछ नई नीतियों जैसे नवाचारों के साथ वेव्स में प्रमुख भागीदार है।

पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि इस अवसर पर हम मध्यप्रदेश की नई फिल्म पर्यटन नीति-2025 और नई एवीजीसी-एक्सआर नीति-2025 को भी साझा करेंगे।

मुख्यमंत्री-जबलपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भू-अभिलेख के व्यवस्थित रखरखाव के लिए जबलपुर में की गई पहल सराहनीय है। कल कलेक्टर कार्यालय, जबलपुर में नए राजस्व अभिलेखागार के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व के क्षेत्र में यह एक नूतन व्यवस्था है जो सुशासन के लिए प्रेरित करती है। प्रदेश में साइबर तहसील, सम्पदा-1 और सम्पदा 2 के माध्यम से नागरिकों को सेवाएं प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने कहा राजस्व रिकार्ड की नकल निकलवाने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने की अब आवश्यकता नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जिला स्तर पर विभिन्न समितियां बनेंगी जिसमें निवार्चित जनप्रतिनिधियों के साथ ही डॉक्टर, वकील और इंजीनियर आदि भी शामिल होंगे।

लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना अन्तर्गत आज प्रदेश में 'लाड़ली लक्ष्मी उत्सव' जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत पर मनाया जाएगा। इसमें स्थानीय प्रतिनिधि, लाड़ली बालिकाएं, उनके अभिभावक, लाड़ली क्लब की अध्यक्ष और सदस्य सक्रिय रूप से भाग लेंगे। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का संचालन स्वयं लाड़ली बालिकाओं द्वारा किया जाएगा। इसमें कन्या-पूजन, लाड़ली बालिकाओं के प्रेरक उद्बोधन और 'अपराजिता' कार्यक्रम अन्तर्गत मार्शल आर्ट का प्रदर्शन जैसे विशेष कार्यक्रम शामिल है। "एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम" अभियान में जन-प्रतिनिधियों और बालिकाओं द्वारा पौध-रोपण भी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री-कृषि मेला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कृषि नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिये कल मंदसौर में एक दिवसीय राज्य स्तरीय कृषक सम्मेलन एवं कृषि उद्योग समागम-2025 का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना, के साथ जन-प्रतिनिधि, कृषक, उद्यमी, निर्यातक एवं एफपीओ प्रतिनिधि भाग लेंगे। मुख्यमंत्री खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में कार्य करने के लिये इच्छुक निवेशकों के साथ संवाद भी करेंगे, जिससे नये निवेशक मंदसौर जिले में निवेश के लिये आकर्षित होंगे और उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। जिले के सीतामऊ में किसान मेला एवं एग्री-हॉर्टी एक्सपो का भी आयोजन किया जायेगा।

केदारनाथ धाम - कपाट

उत्तराखंड में केदारनाथ धाम के कपाट आज श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। बाबा केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली भी सेना के बैंड की मधुर धुनों और भक्ति के जयकारों के साथ धाम पहुंच चुकी है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि दस हजार से अधिक तीर्थयात्री पवित्र मंदिर में पहुंच चुके हैं।

ग्रीष्म शिविर

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कल भोपाल के तात्या टोपे स्टेडियम में प्रदेशव्यापी "ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2025" का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पहली बार शिविर को नए तरीके से प्रारंभ किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य केवल खेलों से जुड़ाव तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा मंच बनेगा जहाँ से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भविष्य के उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में तराशा जाएगा।

जेनेरिक दवाईयां

सर्वोच्च न्यायालय ने डॉक्टरों को मरीजों के लिए किसी विशेष कंपनी की दवाईयां न लिखने और सिर्फ जेनेरिक दवाईयां लिखने का आदेश दिया है। दवा कंपनियों की मनमानी से जुडी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष न्यायालय ने कहा कि यदि इस निर्णय का पूरे देश में पालन किया जाए तो इससे महत्वपूर्ण सुधार हो सकता है। सर्वोच्च न्यायालय की तीन न्यायाधीशों, न्यायमूर्ति संदीप मेहता, न्यायामूर्ति विक्रम नाथ और संजय करोल की पीठ ने यह आदेश दिया।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज ओमकारेश्वर में आचार्य शंकर प्रकटोत्सव-एकात्म पर्व में शामिल होंगे। कार्यक्रम में जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरि भी हिस्सा लेंगे।
- सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते एवं कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कल मंडला जिले के रामनगर में 4 और 5 मई को होने वाले आदि उत्सव की तैयारियों का जायजा लिया।
- गुना के बजरंगगढ़ में ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' अंतर्गत विधायक गुना पन्नालाल शाक्य की उपस्थिति में सीता कुंड की सफाई हेतु श्रमदान किया गया।
- आगरमालवा जिले में जिला स्तरीय युवा संगम कार्यक्रम आज सुसनेर स्थित शासकीय आईटीआई में आयोजित किया जाएगा।
- पन्ना में बाल विवाह रोकथाम के लिए गठित दल ने कल रक्सेहा में बालविवाह रोकने की कार्यवाही की।
- मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शिवपुरी में 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

- प्रदेश में तेज गर्मी का दौर जारी है। कल भोपाल में इस सीजन का सर्वाधिक तापमान 42 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रतलाम में 43.6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने अगले दो दिन गर्मी से राहत के आसार जताए हैं।
- आईपीएल क्रिकेट में मुंबई इंडियन्स ने कल रात राजस्थान रॉयल्स को सौ रन से हरा दिया। आज शाम गुजरात टाईटन्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद के साथ होगा।

-------